# पांढुरना जिला





परेशानी | पांढुरना के लोगों को उनके खेत,प्लाट की रजिस्ट्री कराने सौसर के उप पंजीयक कार्यालय के लगाने पड़ रहे चक्कर

## क्रेता,विक्रेता को अपने साथ दो-दो गवाहों तथा वेंडर को भी सौंसर ले जाकर होना पड़ रहा है परेशान

**नवभारत न्यूज, पांढुरना,22 अगस्त,** एक और तो प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के माध्यम से अधिकारियों को लोगों के पास पहुंचते हुए उनसे सवांद कर समस्याओं का ऑन द स्पॉट निराकरण का ढिंढोरा पीटते हुए नहीं थक रहीं है,वहीं पांढुरना नगर जिला मुख्यालय तथा ब्लॉक के लोगों को खेत,प्लाट,मकान,दुकान आदि की खरीदी,बिक्री की रजिस्ट्री कराने के लिए क्रेता,विक्रेता के साथ ही दो-दो गवाहों एवं वेंडर को भी अपने साथ नगर जिला मुख्यालय से 45 किलोमीटर दूर सौंसर के उप पंजीयक कार्यालय लेजाकर रजिस्ट्री करानी पड रहीं है,जिससे इन लोगों को आने-जाने में अतिरिक्त आर्थिक बोझ तथा पूरा दिन का समय लगा रहा है,जिससे पांढुरना के लोगों को रजिस्ट्री कराने परेशान होना पड रहा है।

**जन-विश्वास अभियान के पांढुरना में बूरे हाल :** गौरतलब हो कि लोगों को शासकीय कार्यालयों के चक्कर लगाने की परेशानी से बचाने तथा उनकी समस्याओं को त्वरित संतोषप्रद निराकरण कराने को लेकर ही प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत विभाग प्रमुख अधिकारी, कर्मचारियों को ही लोगों के बीच पहुंचकर उनसे संवाद कर उनकी समस्याओं का निराकरण कराने के निर्देश दिए है,इस अभियान के तहत बीते दिवस स्वयं जिला कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ नगर मुख्यालय के वार्डों की गल्ली-गल्ली में पूरा दिन घूम कर लोगों से उनकी परेशानियों को पुछ विभाग प्रमुख अधिकारियों को उनकी समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश देते रहें।



### उप पंजीयक कार्यालय के चक्कर लगाकर परेशान हो रहे लोग

वहीं दूसरी और अपने निजी,पुश्तैनी,खेत,प्लांट,मकान दुकानों को बेचने या इन्हें खरीदी करने वालों को इसकी रजिस्ट्री कराने के लिए नगर जिला मुख्यालय के उप पंजीयक कार्यालय के बीते दो दिनों से परेशान होना पड रहा है,उप पंजीयक अधिकारी के नहीं होने से मजबूरन रजिस्ट्री कराने के लिए क्रेता,विक्रेता के साथ ही इनके दो-दो गवाहों तथा वेंडर को अपने साथ यहां से 45 किलोमीटर दूर सौसर तहसील मुख्यालय के उप पंजीयक कार्यालय में ले जाकर रजिस्ट्री करानी पड रहीं है,जिससे जहां एक और लोग परेशान हो रहें वहीं शासन को भी राजस्व की क्षति हो रहीं है।

### पांढुरना की अधिकारी छुट्टी पर

*विभागीय सूत्रों की माने तो पांढुरना उप पंजीयक अधिकारी श्रीमती प्रिती विश्वकर्मा बीते तीन दिनों से छुट्टी पर है,ऐसे में यहां का प्रभार सौंसर के उप पंजीयक अधिकारी को दिया है,और इन्होंने फरमान जारी कर रखा है कि पांढुरना में जिसको भी रजिस्ट्री करानी होंगी वह सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ केता,विकेता तथा दो-दो गवाहों के साथ उनके सौंसर कार्यालय में उनके समक्ष उपस्थि होंगे तो ही उनकी रजिस्ट्री कराई जाएंगी।*

### एक ही दिन में पांढुरना की सौंसर में हुई तीन रजिस्ट्री

*इस फरमान के बाद अब जिन्हें भी रजिस्ट्री करानी पड रहीं है उन्हें सौंसर के उप पंजीयक कार्यालय ही जाना पड रहा है, विभागीय सूत्रों की माने तो पांढुरना उप पंजीयक अधिकारी श्रीमती प्रीति विश्वकर्मा के गुरूवार से अवकाश पर जाने के पहले ही दिन 20 अगस्त 2026 को पांढुरना की तीन रजिस्ट्रीया सौंसर जाकर करनी पडी जिसमें पांढुरना के मौजा वाघोली तहसील पांढुरना के धनराज तुलसीराम भिमटे,पुष्पा घंगारे,मौजा सावज पानी के चैतराम सिरसाम,रविशंकर धुर्वे तथा खसरा नंबर 252 /2 के लिए भाऊराव राजगुरु, संजय आनंदराव डाहे को अपने-अपने साथ दो-दो गवाह एवं अपने-अपने वेंडरों को सौंसर साथ लेकर आना-जाना पड़ा।*

### इनका कहना है......

*पांढुरना उप पंजीयक अधिकारी ने बताया कि वह छुट्टी पर है,इसलिए यहां का प्रभार सौंसर उप पंजीयक को दिया गया है,उन्होंने कहा कि इस दौरान यदि किसी को भी रजिस्ट्री करानी होंगी तो उसे सौंसर ही जाना पड़ेंगा।*

***श्रीमती प्रिती विश्वकर्मा उप पंजीयक अधिकारी पांढुरना***

## राम शांति स्कूल में इंटर स्कूल कबड्डी एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन



**नव भारत न्यूज, पांढुरना,22अगस्त,** नगर के राम शांति स्कूल में विगत वर्षों से 'सुनीता मेमोरियल प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इस वर्ष भी इंटरस्कूल कबड्डी एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने खेल भावना, आत्मविश्वास एवं तर्कशक्ति का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता में राम शांति विद्या मंदिर की वेदिका राजपुरोहित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सुभाष मॉन्टेसरी के आर्यन बंसोड द्वितीय तथा भंसाली विद्या मंदिर की संजीवनी शेडामे तृतीय स्थान पर रहीं। हिंदी वाद-विवाद में भंसाली विद्या मंदिर की सौम्या मानकर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। राम शांति विद्या मंदिर के देवेंद्र राउत ने द्वितीय स्थान हासिल किया। स्काईलाइन स्कूल की तनिस्का भकने तथा सुभाष मॉन्टेसरी की खुशी वाकोडे ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान साझा किया। कबड्डी प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में राम शांति विद्या मंदिर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि भंसाली विद्या मंदिर उपविजेता रहा। वहीं बालक वर्ग में सुभाष मॉन्टेसरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा राम शांति विद्या मंदिर उपविजेता रहा। प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों में खेल भावना, आत्मविश्वास, तार्किक सोच और प्रभावी अभिव्यक्ति के गुणों को और मजबूत किया। विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने विद्यालयों का गौरव बढ़ाया।

प्रतियोगिता के निर्णायक योगीराज वानोडे एवं डॉ. प्रीति दीवान रहे। शाला चेयरमैन सुभाष बुधराजा, डायरेक्टर शिवम बुधराजा, प्राचार्या श्रीमती चारू गुलाटी एवं समस्त स्टाफ द्वारा विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ प्रेषित की गई।

### मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता के लिए योग-ध्यान सत्र का आयोजन

**बैतूल।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस जयवंती हॉक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैतूल में हैप्पी बैतूल कैंपेन के अंतर्गत जिला स्तरीय सामूहिक योग एवं ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम डिस्ट्रिक्ट लेवल मॉनिटरिंग कमेटी एवं आर्ट ऑफ़ लिविंग फाउंडेशन के मध्य हुए एमओयू के तहत 17 से 23 अगस्त तक चलाए जा रहे मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान का हिस्सा रहा। कार्यक्रम का आयोजन नेशनल टास्क फोर्स के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय निगरानी समिति के अध्यक्ष एवं कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे तथा समिति की सदस्य-सचिव एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मीनाक्षी चौबे के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

## सलून संचालकों ने बढ़ाये कटिंग दाढ़ी के रेट, अब देने होंगे 150 रू

**8 सितंबर को मनायी जायेगी संत सेनाजी महाराज की पुण्यतिथी. बैठक में हुआ निर्णय**



**नव भारत न्यूज, पांढुरना,22अगस्त,** पांढुरना तहसील के सलून संचालकों ने बढ़ती महंगाई के फलस्वरूप कटिंग दाढी का सेवाशुल्क बढ़ाने का निर्णय लिया है। पहले जहां 80 रू में दाढ़ी कटिंग होती थी वहीं अब इसके बदले ग्राहकों को 120 से 150 रू देने पड़ेंगे। शनिवार को राधाकृश्ण वार्ड स्थित संत सेनाजी महाराज भवन में संपन्न हुई समाज संगठन की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष तरूण खिरेकर ने की। वहीं समाज के प्रबुद्ध लोग व कार्यकारिणी सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में दुकानदारों की ओर से रेट बढ़ाने का प्रस्ताव रखा गया था। सभी ने रेट बढ़ाने का समर्थन किया जिसके बाद सादी कटिंग के 80 और शेविंग के 40 रू इस हिसाब से 120 रू और प्रोफेशनल कटिंग दाढ़ी के 150 रू करने का निर्णय लिया गया है। दुकानदारों ने इस निर्णय का सभी दुकानदारों से पालन करने और नई रेट लिस्ट जल्द ही दुकानों पर चस्पा करने की कार्यवाही करने की बात कही। इसी तरह बैठक में 8 सितंबर को भक्तिभाव के साथ श्री संत सेनाजी महाराज की पुण्यतिथी को महोत्सव के रूप मनाये जाने का निर्णय लिया गया। इस कार्यकम में सभी सदस्य सहपरिवार उपस्थित रहने की अपील की गयी। बैठक में संगठन के अध्यक्ष तरूण रिखब्रेकर, सचिव जितेन्द्र अतकरे पूर्व अध्यक्ष संजय धानोरकर, विवेक मानकर और कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे।

## हम फाउन्डेशन के विवेकानंद शाखा की नई कार्यकारिणी गठित



**नव भारत न्यूज, पांढुरना,22अगस्त,** राष्ट्रीय सेवा व सांस्कृतिक संगठन हम फाउंडेशन भारत के महाकोशल प्रान्त की विवेकानंद पांढुरना शाखा की सत्र 2026-27 की कार्यकारिणी का गठन हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष एड निशिकान्त चौधरी की विशेष उपस्थिति में आयोजित बैठक में कार्यकारिणी का गठन हुआ। कार्यकारिणी में डॉ उमेश कडवे शाखा संरक्षक, हर्षद केवटे, भूषण केवटे उपाध्यक्ष नीलेश कलस्कर सहसचिव, मीनाक्षी उरैया संयोजक महिला सहभागिता, दिलीप जाधव सेवा प्रमुख जगदीश विश्वकर्मा सेवा प्रमुख तथा सुधीर नंदेकर मीडिया प्रभारी के रूप में निर्वाचित हुए। संगठन के सभी सदस्यों ने सेवा का संकल्प लेते हुए संगठन के राष्ट्रीय प्रकल्प राष्ट्रगान अभियान, युवा एवम बालकल्याण, महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा समग्र ग्राम विकास पर कार्य करने का संकल्प किया। इस अवसरपर संगठन के श्रीमती मूनमुन भट्टाचार्य, अलका कोल्हे, रीता मल्होत्रा, एड अवतारसिंह सहित समस्त पदाधिकारियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## अन्नाभाऊ साठे के विचार समाज को देते है नई दिशा : साहू

**प्रतिमा स्थापना का हुआ भूमिपूजन, सांसद सहित जिलाध्यक्ष मोहोड ने किया संबोधित**



**नवभारत न्यूज़, सौंसर 22 अगस्त.** शनिवार को साहित्य सम्राट अन्नाभाऊ साठे समिति एवं मुक्ता सालवे महिला मंडल के तत्वावधान में लोक शाहीर, साहित्य सम्राट अन्नाभाऊ साठे की 106 वी जंयती मनाई गई। अन्नाभाऊ साठे सांस्कृतिक भवन में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद विवेक बंटी साहू ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड, विधायक विजय रेवनाथ चौरे, नगर पालिका अध्यक्ष सुरेखा इंदरचंद्र डागा, पूर्व नगराध्यक्ष संजय राठी, जिप सदस्य निलीमा पाटिल, पूर्व नप उपाध्यक्ष सुनील भानगे, जिला महामंत्री देवेन्द्र गायकवाड, जिला भाजयुमों अध्यक्ष विवेक गायकवाड, पूर्व जिला महामंत्री राहुल मोहोड, समिति अध्यक्ष दुर्गेश सनेसर मंचासीन थे। विधिवत पूजा अर्चना करके अन्नाभाऊ साठे प्रतिमा स्थापित करने भूमिपूजन किया गया। अवसर पर बोलते हुये सांसद श्री साहु ने कहा कि, अन्नाभाऊ साठे ने अपनी लेखनी और लोक शाहीरी क माध्यम से जीवन संघर्ष, सामाजिक समानता और जनजागरण का प्रतीक रहा है। सौसर में उनकी प्रतिमा स्थपित होना उनके योगदान के प्रति सम्मान और आनेवाली पीढी के लिये प्रेरणा का केन्द्र बनेगा। जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड ने कहा कि, अन्नाभाऊ साठे ने साहित्य को आमजन की आवाज बनाया। उन्होने अपने साहित्य के माध्मय से सामाजिक असमानता और शोषण के खिलाफ जागरूकता पैदा की। उनका साहित्य आज भी समाज को नई दिशा देने का कार्य कर रहा है। उन्होने कहा कि, अन्नाभाऊ साठे की जंयती मनाने का उद्येष्य केवल उन्हे याद करना नही, बल्कि उनके विचारों को आत्मसात कर समाज में समानता, भाईचारें और सामाजिक चेतना को मजबूत करता है। इस दौरान प्रतिभाषालीयों का शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेट कर सत्कार किया गया। सफलतार्थ समिति के दुर्गेश सनेसर, उपाध्यक्ष धनराज वाघमारे, सचिव प्रवीण सनेसर, सहसचिव जितेन्द्र वानखेडे, कोषाध्यक्ष सागर सनेसर, सहकोषाध्यक्ष कैलाश वानखेडे, संरक्षक चंद्रजी सनेसर आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## पंधराखेड़ी में आयुष आरोग्य मंदिर का गृह प्रवेश संपन्न,स्वास्थ्य सुविधाओं को मिलेगा बढ़ावा, ग्रामीणों में हर्ष का माहौल



**नवभारत न्यूज़, सौंसर 22 अगस्त.** ग्राम पंधराखेड़ी में भारत सरकार द्वारा निर्मित आयुष आरोग्य मंदिर का गृह प्रवेश समारोह शनिवार को विधिवत रूप से संपन्न हुआ। इससे पूर्व इस आयुष आरोग्य मंदिर का उद्घाटन मुख्यमंत्री द्वारा वर्चुअल माध्यम से जाम सांवली मंदिर परिसर में किया गया था।गृह प्रवेश कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों एवं ग्रामीण नागरिकों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर डॉ. पूजा कंगाले, राकेश गोस्वामी (फार्मासिस्ट), दया प्रसाद धुर्वे, प्राची पराड़कर, आयुष कंपाउंडर पप्पू लोहुरिया, अंकित चौधरी एवं पुष्पा सोनुले सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। आयुष आरोग्य मंदिर के प्रारंभ होने से ग्राम पंधराखेड़ी सहित आसपास के ग्रामीणों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होने की सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में ग्राम के बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे और स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए नई व्यवस्था शुरू होने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

## युवा मोर्चा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष विवेक गायकवाड़ को भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड ने दी बधाई



**नवभारत न्यूज़,सौंसर 22 अगस्त.** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जिला पांढुर्णा के जिला अध्यक्ष पद पर विवेक गायकवाड़ की नियुक्ति होने पर भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड ने सौसर स्थित निवास पर पहुंचकर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर जिला महामंत्री देवेन्द्र गायकवाड़, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष विलास खिरडकर, निलेश जुननकर, प्रवीण सेलुकर, सौरभ अढाऊ भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, जिला एवं मंडल पदाधिकारी, युवा मोर्चा के कार्यकर्ता एवं पार्टी के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## राधे-राधे ग्रुप की भव्य प्रदर्शनी में उमड़ा उत्साह, 40 स्टॉल बने आकर्षण का केंद्र




**नवभारत न्यूज़, सौंसर 22 अगस्त.** राधे-राधे ग्रुप द्वारा आयोजित भव्य प्रदर्शनी का शुभारंभ उत्साहपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में हुआ। प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती शालिनी बंटी साहू, श्रीमती सुरेखा डागा, श्रीमती अल्का जाखोटिया, डॉक्टर एसोसिशन अध्यक्ष डॉ. प्रिया मोहोड, पीकेएस गुर्वे सहित यूथ ऑफ सौंसर के गोपाल कोठे एवं राधे-राधे ग्रुप के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सौंसर इनर व्हील द्वारा सफाई कर्मचारियों का सम्मान कर उन्हें भेंट एवं उपहार प्रदान किए गए। इस पहल की उपस्थित लोगों ने सराहना की।प्रदर्शनी में तुमसर, गोंदिया, नागपुर, तामिया, सिवनी, हैदराबाद, छिंदवाड़ा सहित विभिन्न स्थानों से करीब 40 स्टॉल लगाए गए हैं। यहां एक ही स्थान पर विभिन्न प्रकार के सामान और उत्पाद उपलब्ध होने के कारण प्रदर्शनी नगरवासियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

राधे-राधे ग्रुप ने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि राधे-राधे भव्य प्रदर्शनी में परिवार सहित पहुंचकर खरीदारी और प्रदर्शनी का आनंद लें तथा इस अवसर को हाथ से न जाने दें।प्रदर्शनी के आयोजन में श्वेता बागनी, गायत्री डागा, ज्योति डांगरा, प्रियंका बागनी, मोनिका भट्टड़, नेहा भट्टड़ और हीना चांडक सहित राधे-राधे ग्रुप की टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। आयोजन को लेकर नगरवासियों में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

## खड़े ट्रक से टकराई कार, 3 की मौत 5 घायल

**मुलताई।** नेशनल हाईवे नागपुर बैतूल फोरलेन पर बिरूल बाजार चौराहे के पास स्थित जीतू ढाबे के सामने शनिवार की अल सुबह करीब 3 बजे नागपुर से सीहोर की ओर जा रही कार खड़े ट्रक से टकरा गई, जिससे कार में बैठे 3 लोगो की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं कार में सवार 5 लोग घायल हो गए। एम्बुलेंस के ईएमटी महेश झलिए ने बताया बूटीबोरी नागपुर से दो कार सीहोर कुबेरेश्वर धाम के लिए रवाना हुई जो की शनिवार की अल सुबह करीब 3 बजे मुलताई के पास स्थित जीतू ढाबे के पास खड़े ट्रक से टकरा गई। जिससे कार के परखच्चे उड़ गए,वहीं कार में सवार दीपक श्यामराव राउत 55 वर्ष एवं उसकी पत्नी छाया राउत 51 वर्ष सहित प्रभा पति रामकृष्ण करदाते 48 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई।जबकि कार में सवार नीता 40 वर्ष, नैतिक 12 वर्ष, उज्वला मोहन 52 वर्ष, संगीता 43 वर्ष तथा सौरभ 30 वर्ष गंभीर घायल हो गए।

## शालेय खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत सौसर ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता लिटिल स्टेप स्कूल बोरगांव में संपन्न हुआ



**नवभारत न्यूज़ सौंसर 22 अगस्त.** शालेय खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत सौंसर ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता लिटिल स्टेप स्कूल बोरगांव में संपन्न हुई। सर्वप्रथम संस्था संचालक अनिल खांबोलकर ,संस्था प्राचार्य कैलाश धकाते ,विकासखंड क्रीडा अधिकारी मिलिंद चारे,नोडल खेल अधिकारी जहिर बाबा पटेल ने पूजन कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया । लिटिल स्टेप के संचालक अनिल खांबोलकर ने कहा खो खो भारत का एक प्राचीन और लोकप्रिय पारंपरिक खेल है एक समय सबसे तेज खेल के रूप में जाना जाता था । जो गति , एकाग्रता और टीम की एकता का संदेश देता है । यह खेल हमें फुर्ती अनुशासन और मिलकर आगे बढ़ाने की सीख देता है। पी टी आई लीलाधर खिरडकर , विकासखंड कीड़ा अधिकारी मिलिंद चारे ने भी अपने विचार रखे ।आभार प्रदर्शन प्राचार्य कैलाश धकाते के द्वारा किया गया ।मंच संचालन तुरेंद्र कुमार ने किया मुख्य खो-खो को रेफरी नंदकिशोर चौहान ने निभाई । साथ में निर्णायक दर्शन बाविसटाले , लीलाधर खिरडकर, सुनील यादव मंदा ठाकरे, दर्शन लोणारे, देवसर और समस्त लिटिल स्टेप स्कूल बोरगांव का समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।

मुलताई से निकली कांवड़ यात्रा कल रविवार को मोहगांव हवेली पहुंचेगी

## मां ताप्ती नदी का उद् गम जल से होगा अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग का जलाभिषेक



**नवभारत न्यूज़, सौंसर 22 अगस्त.** सावन मास प्रारंभ होते ही सुप्रसिद्ध अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर मोहगांव हवेली में शिव भक्तों का तांता लगा है। यहां प्रतिदिन दूर दूर से कांवड़ यात्री पैदल आकर अपनी कांवड़ के जल से अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग का जलाभिषेक कर रहें हैं। उसी प्रकार प्रतिदिन वेदपाठी ब्राह्मणों द्वारा दिनभर रुद्राभिषेक किया जा रहा हैं। साथ ही रात्रि में ह.भ.प. संतोष महाराज निंभोरकर (अमरावती महाराष्ट्र) इनकी सुमधुर वाणी में शिवमहापुराण कथा चल रही हैं।

मां ताप्ती कांवड़ यात्रा के तिगांव निवासी गौरव बावनकर ने बताया कि, मां ताप्ती नदी का उद् गम जल लेकर मुलताई से निकली कांवड़ यात्रा कल रविवार 23 अगस्त को सायंकाल में मोहगांव हवेली नगर पहुंचेगी तथा सोमवार 24 अगस्त को सुबह मां ताप्ती नदी के उद् गम जल से कांवड़ियों द्वारा अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग का जलाभिषेक किया जाएगा। कांवड़ यात्रा मार्ग में आने वाले समस्त ग्रामों के शिव भक्तों से अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर के पूर्व अध्यक्ष डॉ. गोपाल वंजारी एवं सचिव सुनील येलकर ने कांवड़ियों का स्वागत करने की अपील की हैं।

ज्ञातव्य हो कि, प्रतिवर्ष मां ताप्ती नदी का पवित्र जल लेकर आने वाली एक और कांवड़ यात्रा भी मुलताई से आज रविवार 23 अगस्त को प्रात: रवाना हो गई है। कांवड़ यात्री पांढुरना निवासी रोशन दारोकार ने बताया कि, सोमवार 24 अगस्त को दादा दरबार पांढुरना, मंगलवार 25 अगस्त को मां काली मंदिर रझाड़ी पिपला विश्राम कर, बुधवार 26 अगस्त को ग्राम सावंगी, पंधराखेड़ी, छत्रापुर में स्वागत सत्कार होते हुए सांयकाल में मोहगांव हवेली नगर पहुंचेगी तथा गुरुवार 27 अगस्त को सुबह कांवड़िए, मां ताप्ती नदी के उद् गम जल से अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग का जलाभिषेक करेंगे।

## हनुमान लोक जामसांवली धाम पहुंचे सत्येंद्र भूषण सिंह, परिवार सहित की पूजा-अर्चना




**नवभारत न्यूज़,सौंसर 22 अगस्त.** चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर हनुमान लोक जामसांवली धाम में मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष सत्येंद्र भूषण सिंह ने परिवारजनों के साथ पहुंचकर श्री हनुमान जी की विधिवत पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। दर्शन-पूजन के दौरान उन्होंने हनुमान जी के समक्ष क्षेत्र की सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की। पूजन-अर्चन के उपरांत मंदिर ट्रस्ट कमेटी की ओर से उनका आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। मंदिर संस्थान सचिव टीकाराम कारोकार, सीईओ वीरेन्द्र भट्ट, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष नरेंद्र परमार सहित मंदिर संस्थान के पदाधिकारियों ने श्री भूषण का स्वागत करते हुए उन्हें श्री हनुमान जी की प्रतिमात्मक मूर्ति भेंट कर सम्मानित किया।इस दौरान श्री भूषण सिंह ने मंदिर की व्यवस्थाओं एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।